आकाशवाणी चंडीगढ़

03 जनवरी 2025, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सवित्रीबाई फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें महिला सशक्तिकरण की सूत्रधार बताया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की है कि माता सावित्री बाई फुले की जयंती को सरकारी स्तर पर मनाया जाएगा।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज बहादुरगढ़ नगर परिषद को मानदंड पूरा होने पर नगर निगम बनाने और बहादुरगढ़ से आसौदा तक मेट्रो के विस्तार पर तीव्र गति से काम करने सहित कई घोषणायें की।
- चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय शहरी खेती प्रदर्शनी एवं पुष्प उत्सव  शुरू हुआ।
- हरियाणा के 11 और पंजाब के 3 खिलाड़ी राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए चुने गए।

*****************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सवित्रीबाई फुले को उनकी जंयती पर श्रद्धांजलि दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने सवित्रीबाई फुले को महिला सशक्तिकरण की सूत्रधार और शिक्षा और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में प्रेरणा का स्रोत और मार्गदर्शक बताया।

*****************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की है कि माता सावित्री बाई फुले की जयंती को सरकारी स्तर पर मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फुले न सिर्फ भारत की पहली महिला शिक्षिका थी, बल्कि एक स्वतंत्र व्यक्तित्व और महिलाओं के अधिकारों की प्रणेता थी।मुख्यमंत्री आज उनकी जयंती पर बहादुरगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे उन्होंने सावित्री बाई फुले को नमन करते हुए सबको उनकी जयंती की बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सावित्री बाई फुले केवल नाम नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण और बेटियों की शिक्षा की एक पूरी कहानी है। इसीलिए हरियाणा सरकार ने लोहारू के राजकीय महिला कॉलेज का नाम उनके नाम पर रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को शिक्षित करने और सशक्त बनाने के लिए कृतसंकल्प है और इस संकल्प को पूरा करने के लिए निरंतर अथक प्रयास किए जा रहे हैं।

*****************************************************

महिला शिक्षा की अग्रदूत देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की जयंती पर आज युवा जागृति जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा भिवानी के हनुमान जोहड़ी मंदिर में युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा महिला शिक्षिका सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के साथ-साथ जल एवं पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 61 महिला शिक्षिकाओं को “शिक्षा क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फूले” अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक घनश्याम सर्राफ ने सभी से सावित्रीबाई फूले के जीवन से प्रेरणा लेने का और शिक्षा जगत में महिलाओं और बेटियों के उत्थान के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

*****************************************************

सावित्रीबाई फूले की जयंती की पर नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा भिवानी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन रविंद्र बलियाला एवं उपाध्यक्ष विजेंद्र ने बतौर मुख्यअतिथि शिकरत की। श्री बलियाला ने कहा कि समाज सुधार और सामुदायिक सेवा की उनकी भावना भावी पीढी को प्रेरित करती रहेगी।

*****************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज बहादुरगढ़ नगर परिषद को मानदंड पूरा होने पर नगर निगम बनाए जाने और बहादुरगढ़ से आसौदा तक मेट्रो के विस्तार के प्रस्ताव पर तीव्र गति से काम करने सहित बहादुरगढ़ के लिए की घोषणाएं की। बहादुरगढ़ में एक समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लाइन पार फाटक पर अंडरपास का निर्माण, बहादुरगढ़ सड़क का नवीनीकरण, और पुरानी कचहरी के साथ लगती खाली पड़ी जमीन पर पार्क विकसित किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि पुराने बस अड्डे के साथ लगती खाली जमीन की उपयुक्तता का पता लगा कर उस पर व्यायामशाला व योगशाला बनाई जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों को भी मानदंड पूरा करवाकर नियमित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वार्ड- 7 और 10 में छठ पूजा घाट बनाया जाएगा ।मुख्यमंत्री ने बहादुरगढ़ के विकास कार्यों के लिए अलग से 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा भी की।

*****************************************************

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज तीन दिवसीय शहरी खेती प्रदर्शनी एवं पुष्प उत्सव शुरू हो गया। प्रदर्शनी और उत्सव का शुभारंभ कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने किया।विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बी आर कंबोज ने आकाशवाणी

समाचार को बताया कि शहरी खेती प्रदर्शनी एवं पुष्प उत्सव का मकसद युवाओं को घर के अंदर ही पुष्प और सब्जियों की खेती की नई तकनीक से अवगत करवाना है।

उन्होंने कहा कि इस तरह तैयार कृषि उत्पादों की गुणवत्ता के बारे भी जानकारी दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि जितने भी युवा फूलों की खेती कर रहे हैं उन्हें भी इस पुष्प उत्सव में जगह दी जा रही है ताकि वे दूसरों के लिए भी प्रेरणा बने।कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय में जल्द ही कृषि पर्यटन केंद्र भी शुरू किया जाएगा।

---

हरियाणा और पंजाब के 14 खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार के लिए चुना गया है। पुरस्कार पाने वाले हरियाणा के 11 और पंजाब के 3 खिलाड़ी हैं। भारत सरकार द्वारा कल राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की जारी की गई सूची के अनुसार हरियाणा से, पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर और पंजाब से भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार दिया जाएगा। हिसार में डाबडा गांव के अतंराराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी संजय कालीरावण, भिवानी की मुक्केबाज नीतू घनघस, पैरा ओलिम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पानीपत के गाँव बुआना लाखु के नवदीप सिंह और अंबाला के गाँव धीन के शूटर सरबजोत सिंह को अर्जुन अवार्ड के लिए चुना गया है। इसी तरह हरियाणा से मुक्केबाज स्वीटी बूरा, हाकी खिलाड़ी अभिषेक नैन, निशानेबाज़ सरबजीत सिंह और मुक्केबाज अमन सेहरावत को भी अर्जुन पुरसकर मिलेगा। सोनीपत के गांव भदाना और वर्तमान में विशाल नगर निवासी पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता धर्मबीर नैन को

अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित किया गया है।पंजाब के हॉकी खिलाड़ी जर्मनप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह को भी अर्जुन अवॉर्ड मिलेगा।

*******************************************************

कैथल की उपायुक्त प्रीति द्वारा लघु सचिवालय में बिना हेलमेट टू व्हीलर के साथ प्रवेश पर लगाई गई रोक के आदेशों का पहले दिन 46 लोगों ने उल्लंघन किया। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व वकील भी शामिल हैं। पुलिस ने इनकी सूची तैयार कर कार्रवाई के लिए उपायुक्त के पास भेजी है।

उपायुक्त ने कहा कि आदेश जारी करने का उद्देश्य न केवल सडक़ सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करना है, बल्कि सभी सरकारी कर्मचारियों में अनुशासन और जिम्मेदारी का भाव भी विकसित करना है।

उपायुक्त ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को इस नियम का पालन कर उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।